# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लाठीचार्ज का किया विरोध, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आंध्रप्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन करते इस मामले का विरोध किया। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी की बहनें अपने अधिकारों के लिए प्रदर्शन कर रही है, तो उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। उन्होंने आंध्रप्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन संघ की राज्य अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं कर रही है। बजट में भी हमारी मांगों को लेकर कोई प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज सांकेतिक प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन आगे उग्र आंदोलन भी करेंगे।

### सरकार के खिलाफ नारेबाजी

फ्लाई ओवर के नीचे लगभग 50-60 की संख्या में एकत्रित होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगे पूरी करने और आंध्रप्रदेश में हुए कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के मामले को लेकर नारेबाजी करते अपना विरोध जताया।

# कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिक बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के दो अलग-अलग मामलो में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 एवं 11 मार्च को दो प्रार्थियों द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उनकी नाबालिक लड़कियों को किसी अज्ञात अरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश एवं एएसपी कीर्तन राठौर तथा सीएसपी अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर खोजी टीम गठित कर दोनों अपहृताओं एवं अज्ञात आरोपियों की लगातार पता तलाश कर अपहृताओं को आरोपी मोनू बांसफोड़ 19 वर्ष एवं साहिल मंडावी 20 वर्ष के कब्जे से बरामद किया गया। बालिकाओं से पूछताछ एवं डॉक्टरी मुलाहिजा रिपोर्ट के आधार पर पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म होना पाए जाने से मामले में धारा 65 (1) भारतीय न्याय संहिता, 4 (1) पॉक्सो एक्ट समाहित कर दोनों आरोपियों को 14 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365








## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ बना नशे का गढ़ : निर्मला वर्मा



**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने राज्य में अफीम की खेती और बढ़ रही नशाखोरी पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य के युवाओं का भविष्य अंधकार मय हो गया है। उन्हे नशा में डुबोया जा रहा है। वही माताएं अपमानित हो रही है। राज्य में अफीम की खेती होने के बाद भी इसकी भनक नहीं लगना सरकार की नाकामी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे की खेती नेताओं के संरक्षण में की जा रही है। वहीं सरकार जगह जगह शराब दुकान खोल रही है और स्कूल बंद कर रही है।

### समारोह पूर्वक आठवीं के छात्रों को विदाई




**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर टेडेसरा की कक्षा 6वीं व 7वीं के भैया बहनों ने कार्यक्रम आयोजित कर 8वीं के भैया बहनों को भावभीनी विदाई दी।कक्षा अष्टम के भैया बहनों का स्वागत कर उपहार दिया गया। दुर्गेश साहू व तेजश्री पटेल ने अपने अनुभव साझा किया। कक्षा 8वीं के भैया बहनों ने विद्यालय को कूलर प्रदान किया। तिरंजा बिसेन ने भैया बहनों को लगन से पढ़ाई करने प्रेरित किया। अंत मे प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने लक्ष्य निर्धारित कर दृढ संकल्प के साथ पढ़ाई करने कहा। इस अवसर पर मोनिता साहू, मेनका निषाद, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, भावना यादव, हिना यादव आदि मौजूद थी।

### बैठक में नवीन सत्र की तैयारी पर चर्चा



**अर्जुनी।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति ने प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन कर वार्षिक प्रश्न पत्र का वितरण सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में किया गया। बैठक का शुभारं जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, जिला शारीरिक प्रमुख धनीराम यादव, जिला बौद्धिक प्रमुख डामन जोशी, संकुल प्रमुख ढालचंद यादव, रोहित निर्मलकर, हेमराय सिन्हा, प्रज्ञा श्रीवास्तव, मेनका व्हीवरे, पूजा मेश्राम ने माँ सरस्वती, ओम, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला समन्वयक श्री साहू ने छग प्रान्त की योजना को विस्तार से बताया। आगामी सत्र दर्ज संख्या में वृद्धि, शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम, भूमि, भवन, रोकड़ लेजर, सामान्य, नवीन आचार्य, शिशु वाटिका प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गई। यह जानकारी आचार्य इंद्रजीत साहू ने दी।

### पशुओं की रक्षा का सार्थक प्रयास



**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक छत्तीसगढ़ द्वारा गाय की सिंग पर लाल रेडियम लगाया जा रहा है ताकि रात को सड़कों पर बैठे पशुओं को हादसे से बचाया जा सके और वाहन चालक भी रेडियम की चमक से पशुओं को देख सके और हादसे से सुरक्षित रहे।अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रॉकी रेनॉल्ड एंथोनी के निर्देश पर ग्राम पुराना अछोली, बगदाई पारा में जिला कार्यकारी अध्यक्ष गैंद लाल कुर्रे तथा ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत वाल्दे ने पशुओं की सिंग पर लाल रेडियम लगाया।

# डेयरी-खेती से लखपति दीदी बनी माधुरी, सालाना 5 लाख की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत संडी निवासी माधुरी जंघेल स्व-सहायता समूह की बदौलत सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। पतंजली महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने डेयरी, कृषि और पशु आहार व्यवसाय के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। वर्तमान में उनकी सालाना आय लगभग 5.50 लाख तक पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार श्रीमती जंघेल 2017 में पतंजली महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने से पहले वह केवल कृषि करती थीं। सीमित आय के कारण आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। बच्चों की शिक्षा और परिवार की जरूरतों को पूरा करना कठिन था। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 9.50 लाख का ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की शुरुआत की। समूह से प्रेरणा लेकर माधुरी ने सबसे 50 हजार की सहायता से पशुपालन विभाग के सहयोग से गाय पालन शुरू किया। शुरुआत में एक गाय से डेयरी प्रारंभ किया, जिसे धीरे-धीरे बढ़ाकर आज पांच गायों तक पहुंचा दिया है। वर्तमान में उनके यहां से प्रतिदिन लगभग 40 लीटर दूध का उत्पादन होता है। वह दूध को देवभोग द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, संडी में 35 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचती हैं। समिति से बोनस और पशु आहार के रूप में लगभग 10 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त लाभ मिलता है। दूध व्यवसाय से उन्हें औसतन प्रतिमाह लगभग 12 हजार का लाभ प्राप्त हो रहा है।

## पारिवारिक हालात में आया बदलाव



### शुरू किया व्यवसाय

डेयरी के साथ माधुरी ने पशु आहार का व्यवसाय भी शुरू किया है। वह थोक दर पर पशु आहार खरीदकर गांव के पशुपालकों को उपलब्ध कराती हैं, जिससे उसे सालाना लगभग 50 हजार की आय होती है। वह 4.5 एकड़ कृषि भूमि में दो फसल लेती हैं जिससे लगभग 3.50 लाख की आय अर्जित करती हैं। डेयरी, कृषि और पशु आहार व्यवसाय से उसे करीब 5.50 लाख की आय हो रही है।आर्थिक स्थिति मजबूत होने के बाद माधुरी जंघेल अब अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान दे रही हैं। उन्होंने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए पतंजली संस्थान हरिद्वार भेजा है, जहां पढ़ाई पर प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख खर्च कर रही हैं।

## बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर गहन विचार विमर्श

# नवरात्र पर्व के दौरान दर्शनार्थियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

### पूर्व की खामियों पर विस्तार से की गई चर्चा

चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, अधिकारी कर्मचारियों की बैठक प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में दर्शनार्थियों की सुरक्षा, खान पान, मनोरंजन, स्वास्थ्य सुविधा और व्यवस्थित दर्शन को लेकर चर्चा की गई। पूर्व में सामने आई खामियों को ध्यान में रखकर बेहतर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, खाने पीने के स्टाल, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन के रखरखाव, यातायात व्यवस्था, पदयात्रियों की सुरक्षा आदि को लेकर निर्देश दिए गए। ट्रस्ट समिति ने पहाडी, सीढियों और रोपवे से जानेवाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए नीचे मंदिर से उपर मंदिर तक कंट्रोल रूम सहित तत्कालीन स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने पर जोर दिया।



**मीडिया को किया बाहर**

बैठक को कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मियों को रोक दिया गया। बैठक में शामिल कुछ मीडिया कर्मी को कवरेज करने से रोका गया जिससे नाराज होकर मौके से लौट गए। बताया जाता है कि नवरात्रि मेले के दौरान कुछ घटना के सोशल मीडिया में वायरल होने से अधिकारी नाराज थे।

### फिर गड़बड़ी करने की तैयारी ?

मेला ग्राऊंड में लगने वाले मीना बाजार एवं स्टाल के आबंटन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। क्वारं नवरात्र के दौरान अस्थाई दुकानों के आंबटन में गड़बड़ी, उगाही अलावा मीनाबाजार संचालक से 15 लाख लेकर 5 लाख की रसीद देने का आरोप लगा था। मीनाबाजार की टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी कर संचालक से कम राशि जमा करवाया गया था। संचालक ने कम कीमत की टिकटो को अधिक में बेचा था। बताया जा रहा है कि मेला के दौरान लगने वाले स्टाल को लेकर जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ठेकेदार आपसी तालमेल बैठाने की कोशिश में लगे है।

## युवक को प्रताड़ित करने और बंधक बनाने की शिकायत

- नौकरी लगाने का झांसा देकर बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एक युवक को नौकरी दिलाने के नाम पर रायपुर ले जाकर बंधक बनाकर प्रताडित करने और उगाही करने का मामला सामने आया है। बंधक बने युवक की समझदारी से रायपुर में काम करने वाले एक युवक के साथ संपर्क कर सुरक्षित परिजन के पास पहुंचा और बंधक बनाने वाले युवक के खिलाफ थाने में शिकायत की।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच तो शुरू कर दिया है किन्तु अब तक आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही नही हो सकी है। प्रार्थी विनायक शैलेष अग्रवाल निवासी जोधसिंघ कॉलोनी ने शिकायत में बेलगांव निवासी नवीन गोस्वामी, मयंक पटेल द्वारा नौकरी दिलाने के नाम से 22 फरवरी को रायपुर ले जाकर 35 सौ रूपए छीनने, प्रताडित करने और बंधक बनाकर रखने का उल्लेख किया है।

युवक से लगभग 11 हजार ले लिया। युवक तो जैसे तैसे बंधको से छुट कर डोंगरगढ़ आया और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना में शिकायत की है।

## शादी सीजन लगते ही बाजार में बढ़ी भीड़

**खड़गांव।** शादी सीजन के चलते बाजार में इन दिनों काफी भीड़ दिखाई दे रही है। लोग जरूरत के हिसाब से भरपूर खरीदी कर रहे है जिससे व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान नजर आ रही है। शादी सीजन प्रारंभ होते ही किराना, कपड़ा, मनिहारी, इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर दुकानों पर भीड़ देखने मिल रही है। किराना व्यापारी देवेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, तिलक साहू ने बताया कि इन दिनों किराना सामानों की बिक्री बढ़ गई है साथ ही डिस्पोजल गिलास, पत्तल दोना की डिमांड भी बड़ी है। कपड़ा व्यापारी सुभाष देवांगन, लक्ष्मण सोनकर ने बताया कि कपड़ों की सबसे अधिक डिमांड है। मनिहारी व्यापारी विनय पटवा ने बताया कि सभी फैंसी एवं कास्मेटिक सामानों का काफी मांग है। इलेक्ट्रॉनिक फर्नीचर व्यापारी बब्बू देवांगन, सुनील देवांगन और संतोष पटवा ने बताया कि शादी की जरूरत को देखते हुए ग्राहकों को शानदार वैरायटी के सामान दिए जा रहे हैं। इन दिनों सुबह से रात्रि तक उपभोक्ताओं की भीड़ देखने मिल रही है। उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने व्यापारियों ने सामानों का भरपूर स्टाक रखा है।

## सामाजिक सम्मेलन आज अरसीटोला में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज परिक्षेत्र कोकपुर ने वार्षिक सम्मेलन एवं जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन कल 15 मार्च को अरसीटोला में किया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु होंगी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्योतिष राम यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, जीआर अहीर, सेवकराम यादव, भरत यादव, शिवकुमार यादव, देवकुमार यादव, मुकुंद यादव, अन्नपूर्णा सिन्हा, योगेश पडोती, ममता यादव एवं शैलेन्द्री यादव शामिल होंगी। कार्यक्रम में खुज्जी परिक्षेत्र के विष्णुराम यादव, डोंगरगांव के पन्ना यादव, छुरिया के शत्रुघ्न यादव, खैरागढ़ के अनुज यादव, गंडई के नरेश यादव, कमलेश यादव, राकेश यादव, संतोष यादव, कृष्णा यादव तथा संतदेव यादव शामिल होंगे।

# विकसित भारत का सपना भारतीय ज्ञान से ही साकार होगा : लवली शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- गंडई कालेज में दो दिवसीय शोध संगोष्ठी
- शोध पत्रों का वाचन

स्थानीय देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुए इस आयोजन में देश भर के शिक्षाविदों ने भारतीय विरासत और आधुनिक विकास के अंतर्संबंधों पर गहन विमर्श किया।

शुभारंभ अवसर पर कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि पश्चिम की अंधी नकल करने के बजाय हमें अपनी समृद्ध संस्कृति और ज्ञान परंपरा का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपनी विरासत के संरक्षण से ही विकसित भारत का सपना पूरा हो सकेगा। मुख्य वक्ता डॉ. शंकर मुनि राय ने भारतीय ज्ञान परंपरा में खगोलीय तिथियों, प्रकृति के साथ सामंजस्य और मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा केवल सूचनात्मक ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिकता और इंसानियत का बोध कराती है। विशिष्ट वक्ता डॉ. आरएन सिंह ने शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से सतत विकास की अवधारणा को रेखांकित किया।

### तकनीकी सत्रों में शोध प्रवाह

दो दिनों के भीतर कुल पांच तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम एवं द्वितीय सत्र डां. पीसी लाल यादव और डॉ. केआरआर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए। डॉ. शंकर मुनि राय और डॉ. एचएस अलरेजा ने मुख्य वक्तव्य दिए। तृतीय सत्र की डॉ. महेश श्रीवास्तव ने अध्यक्षता की। डॉ. डाकेश्वर वर्मा ने भारतीय ज्ञान के विविध आयामों पर विचार रखे। चतुर्थ एवं पंचम सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सियाराम शर्मा और डॉ. पीसी लाल यादव की अध्यक्षता में शोधपत्रों का वाचन हुआ। डॉ. भुवाल सिंह और डॉ. सुरेश पटेल ने विचार प्रस्तुत किए। समापन सत्र में मुख्य अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी थे। उन्होंने कला और साहित्य के माध्यम से भारतीय मूल्यों को सहेजने पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश पटेल का संबोधन हुआ। यह आयोजन पूर्व प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. एनएस वर्मा के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य, संयोजक गावस्कर कौशिक, आयोजन सचिव भागवत राम वर्मा सहित समस्त प्राध्यापकों का योगदान रहा।

## मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पारितोषिक वितरण किया गया। विगत दिनों विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्राफ्ट मेला में सहभागी बने विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक ने स्वयं के खर्च पर यह आयोजन किया था। अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा के विद्यार्थियों के अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए सभी को इनसे प्रेरणा लेने कहा। व्याख्याता पवन सिन्हा ने प्रयासों में और उत्कृष्टता लाने पर जोर दिया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में जिज्ञासा, भावना, टिकेश्वरी, दिव्या, ओमलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साधना, मेघा, दिवाकर, भारती द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं की मुस्कान, भावना, दामिनी तथा सुषमा को मॉडल, औषधिय युक्त चार्ट बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने लिया जायजा

# पीएम जनमन योजना के कार्यों की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने वनांचल का दौरा कर पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम दल्ली में निर्मित बहुउद्देशीय केंद्र का अवलोकन कर स्वास्थ्य, स्कूल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा वन विभाग के अधिकारियों को पीव्हीटीजी बैगा आदिवासियों के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित करने तथा उन्हें शत-प्रतिशत शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। दल्ली में विद्युतीकरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डुमरिया से बैगा बसाहट खर्रा तक पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित संपर्क सड़क का अवलोकन किया। बैगा बसाहट खर्रा में मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉक्टरों की टीम से स्वास्थ्य जांच, दवाइयों और उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली।



### समस्याओं से हुए रूबरू

कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम खर्रा, डुमरिया और दल्ली की बैगा महिला हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सेमरिया में बलिदान दिवस पर समारोह 22 को

**डोंगरगढ़।** सेमरिया में छत्तीसगढ़ लोधी समाज की बैठक में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस 22 मार्च को ऐतिहासिक रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, गृह मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक भावना बोहरा, विधायक यशोदा वर्मा शामिल होंगे। बैठक में 20 मार्च को सभी जिला मुख्यालयों, सर्किलों एवं ग्राम स्तर पर बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित करना तय किया गया। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने 22 मार्च को सेमरिया में आयोजित होने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जीवन कौशिक, विमल पटेल, किशोर वर्मा, पीला राम,रामफल, सुरेश सिगौर, दशमत जंघेल, जयप्रकाश लोधी, भगवती वर्मा, श्रावण कौशिक, चैनदास जंघेल, संतोष कौशिक, उत्तम जंघेल, गोवेद पटेल, मनहरण कौशिक, दुर्जन जंघेल, ईश्वरी वर्मा, दीपक जंघेल, राघवेन्द्र वर्मा, आनंद कौशिक, रूपेश कौशिक आदि शामिल हुए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ।। जय भक्त माता कर्मा ।।

## समस्त जिलेवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**भक्ति का मार्गः** भगवान जगन्नाथ से अटूट प्रेम भक्त कर्मा माता की ख्याति उनकी उस निश्छल भक्ति के कारण है, जिसने स्वयं भगवान को धरती पर आने को मजबूर कर दिया था। वे भगवान श्री कृष्ण (जगन्नाथ जी) की परम भक्त थीं।

**प्रसिद्ध प्रसंगः** जब भगवान ने खाया खिचड़ा कहा जाता है कि कर्मा माता हर रोज भगवान को 'खिचड़ा' (दाल-चावल का भोग) अर्पित करती थीं। उनकी भक्ति इतनी सरल और सच्ची थी कि वे भगवान को अपने परिवार के सदस्य की तरह मानती थीं। लोक कथाओं के अनुसार, जगन्नाथ स्वामी स्वयं बाल रूप में प्रकट होकर उनके हाथों से प्रेमपूर्वक खिचड़ा खाते थे।

**सामाजिक और आध्यात्मिक प्रभाव**

**साहू समाज की कुलदेवीः** वे साहू (तेली) समाज की गौरव और कुलदेवी मानी जाती हैं। उन्होंने समाज को कर्म, भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

**नारी शक्ति का प्रतीकः** उस काल में उन्होंने भक्ति के माध्यम से यह सिद्ध किया कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए किसी आडंबर की नहीं, बल्कि केवल शुद्ध भाव की आवश्यकता है।

**राजिम कुंभ (छत्तीसगढ़)ः** छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में उनका भव्य मंदिर है। यहाँ हर साल कर्मा माता की जयंती पर विशाल मेले और शोभायात्रा का आयोजन होता है।

**कर्मा माता जयंती का महत्व :**
उनकी जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि 'कर्म' और 'भक्ति' के समन्वय का प्रतीक है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं, खिचड़े का भोग लगाते हैं और उनकी गौरव गाथा का गान करते हैं।



**विप्लव साहू**
कांग्रेस नेता, पूर्व जिपं सभापति राजनांदगांव व सामाजिक कार्यकर्ता खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**घम्मन साहू**
अधिवक्ता, पूर्व जिपं सभापति राजनांदगांव पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**डॉ. पदमा साहू**
प्रधान पाठिका सन्डी व साहित्यकार खैरागढ़



**टीलेश्वर साहू**
अध्यक्ष जिला साहू समाज व पूर्व जनपद अध्यक्ष, खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**कोमल दास साहू**
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**मिनेश साहू**
एक्स डायरेक्टर जेएसकेबी, पूर्व सरपंच व प्रभारी जिला साहू समाज खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**डॉ. विशेसर साहू**
अध्यक्ष जिला भारतीय जनता पार्टी खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**हेमूदास साहू**
कोषाध्यक्ष जिला साहू समाज



**श्रीमति लिमेश्वरी साहू**
पूर्व जिपं सभापति राजनांदगांव व सदस्य दिशा समिति खैरागढ़ छुईखदान गंडई



**देवेन्द्र साहू**
सरपंच ग्राम पंचायत टोलागांव व महामंत्री जिला सरपंच संघ, अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्रीय मुकुंदी खपरी, खैरागढ़

## सार समाचार

### बैगलेस डे पर बच्चों ने जाना कैसे बनता है ईंट



**खैरागढ़।** ब्लाक के शासकीय पूमाशा अमलीडीह कला के विद्यार्थियों ने शनिवार बैगलेस डे पर व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत ईंट भट्ठे का अवलोकन किया। इस दौरान बच्चों ने ईंट निर्माण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखकर समझा। भ्रमण दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार मिट्टी तैयार कर उसे सांचों में ढाला जाता है, फिर उसे सुखाकर भट्ठे में पकाया जाता है। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ ईंट बनाने की विभिन्न चरणों को देखा और इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी भी मिलती है, जिससे उनके ज्ञान और कौशल का विकास होता है। इस दौरान प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन, तेजराम वर्मा, स्वामी राम वर्मा सहित ग्रामवासी भी उपस्थित थे जिन्होने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### टीएस सिंहदेव का गर्मजोशी से स्वागत



**खैरागढ़।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर की सीमा से लेकर मुख्य बाजार तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन और शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने इतवारी बाजार में शीतला मंदिर के सामने फूल-मालाओं, आतिशबाजी और जोरदार नारेबाजी के साथ श्री सिंहदेव का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान नगर पालिका चुनाव को लेकर संगठनात्मक चर्चा सहित पार्टी की गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरमौर, पूरन सारथी, यतेंद्रजीत सिंह, शेखर दास वैष्णव, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, उमेश साहू, विनोद सिन्हा, रतन सिंगी, रवींद्र सिंह गहरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक आज

**राजनांदगांव।** महासभा की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक उपसमिति डोंगरगांव में कल 15 मार्च को प्रथम सत्र में केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक 11 बजे से, दूसरा सत्र महासभा का सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे अंबेडकर भवन नया बस स्टैंड के पीछे डोंगरगांव में आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस द्वारा की जाएगी। महासभा के कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा एवं निर्णय, महासभा के महासचिव अशोक ठाकुर द्वारा प्रस्तुत महासभा के वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा एवं निर्णय लिया जाएगा। महासभा के महासचिव अशोक ठाकुर ने बैठक में उपसमिति के पदाधिकारी से उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

# 16 मार्च से पांचवी-आठवीं की बोर्ड परीक्षा, 25 हजार बच्चे होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के संपन्न होते ही कक्षा पांचवी-आठवीं की परीक्षा भी 16 मार्च से शुरू हो रही है। पिछले साल से पुनः शुरू की गई इन दो कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में अनिवार्य रूप से निजी स्कूलों को शामिल होना होगा। बताया गया कि जिले में लगभग 9 सौ स्कूलों के 25 हजार बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र का वितरण कर दिया गया है।

बोर्ड परीक्षा को लेकर विभागीय तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिला शिक्षा विभाग के माध्यम से आज सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रश्न पत्र संबंधित संकुल के प्रतिनिधियों को सौंपा गया। जिले के चार ब्लॉकों के लिए आज शहर के ठाकुर प्यारेलाल स्कूल से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रश्न पत्र रवना हुए। इस दौरान 149 संकुल के समन्वयक प्रतिनिधियों को प्रश्न पत्र का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि इस बार परीक्षा समापन के बाद मूल्यांकन का कार्य भी तेजी से करने की तैयारी कर ली गई है।

## निजी एवं सरकारी स्कूलों के बच्चें होंगे परीक्षा में शामिल



### 25 हजार देंगे परीक्षा

मिली जानकारी के अनुसार जिले में करीबन 25 हजार बच्चे इस परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें पांचवी कक्षा में 799 शासकीय एवं 200 निजी प्राईमरी स्कूलों के 13 हजार बच्चें एवं आठवीं क्लास में 399 सरकारी एवं पौने दो सौ निजी स्कूल के लगाभग 13 हजार बच्चे शामिल होंगे।

### पांचवी की परीक्षा 2 घंटे की

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं के लिए केन्द्रीकृत परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा 16 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित है। जिसमें कक्षा 5वीं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित होगी। वहीं कक्षा आठवीं की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र का निर्माण राज्य शासन द्वारा जारी ब्लूप्रिंट के आधार पर जिला स्तर पर किया गया है।

## 226 करोड़ की लागत से विकास के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन

# मॉडल सिटी के रूप में विकसित होगा नांदगांव शहर: सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से नगर पालिक निगम राजनांदगांव के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में 226 करोड़ 68 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विधानसभा निवास कार्यालय रायपुर से वर्चुवल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि पुष्पवाटिका योगा हॉल राजनांदगांव में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राजनांदगांव नगरवासियों को बधाई देते कहा कि यह भूमिपूजन केवल विकास कार्यों की शुरूआत नहीं, बल्कि शहर के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में राजनांदगांव की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अमृत मिशन 2.0 के तहत शहर में घरेलू अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक उपचार के लिए दो नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजनांदगांव में 2 हजार सीटर का विशाल अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया जाएगा, जो संस्कारधानी की कला, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर के उन्नयन, नाली निर्माण, पाईप लाइन विस्तार तथा शहर के 51 वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने नए संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि राजनांदगांव केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने वाला शहर न रहे, बल्कि देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से राजनांदगांव तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके विजन और जनसहभागिता से शहर को छत्तीसगढ़ की एक मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने जिले के विकास से संबंधित लंबित अधोसंरचना प्रस्तावों को भी शीघ्र स्वीकृत करने का आश्वासन दिया।



### होगा विकासः प्रभारी मंत्री

स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि नगर पालिका निगम के लिए 226 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम को शहर के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से शहर में सड़क, नाली, पेयजल तथा अन्य मूलभूत अधोसंरचना के विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

### 225 करोड़ के कामों का भूमिपूजन

सांसद संतोष पांडे ने निगम क्षेत्र अंतर्गत 226 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के लिए सभी नगरवासियों को बधाई दी। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए सभी नगरवासियों को मिलकर कार्य करने और संकल्प लेने का आह्वान किया।

### नांदगांव दिल के बेहद करीबः डॉ. रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव उनके दिल के बेहद करीब है और आज का दिन शहर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते बताया कि संकल्प बजट 2026-27 में राजनांदगांव जिले के समग्र विकास के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए 250 करोड़ रुपए की योजनाएं स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि खेल सुविधाओं के विकास के लिए हॉकी स्टेडियम में टर्फ सहित अन्य सुविधाओं के निर्माण हेतु 8 करोड़ 80 लाख रुपए तथा दिग्विजय स्टेडियम में खेल अधोसंरचना सुदृढ़ करने के लिए 6 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है। जिससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होगी।

### सुविधाओं का होगा विस्तार : मेयर

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि राज्य सरकार राजनांदगांव के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इन कार्यों से अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में जिले के विकास के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपए के प्रावधान किए गए हैं। जिससे जिले के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को बेहतर स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता बनाए रखने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

## भिलाई विधायक का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के आगमन पर युवाओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर विशु अजमानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा टोल प्लाजा पर जुटे और फूल-मालाओं तथा जयकारों के साथ विधायक का अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान माहौल उत्साह और जोश से भरपूर रहा। युवाओं ने विधायक के जनसेवा कार्यों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद विधायक श्री यादव काफिले के साथ स्टेशनपारा पहुंचे, जहां वे एक विवाह समारोह में शामिल हुए और नवदंपत्ति को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर युवाओं ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक हमेशा आम जनता और युवाओं के बीच सक्रिय रहते हैं। जिससे उनके प्रति लोगों में खास सम्मान और विश्वास बना हुआ है। कार्यक्रम में विशु अजमानी के साथ संजय साहू, शुभम कसार, हर्षिल भलावे, अभि गुप्ता, प्रियंश भीमटे, सोमिल जैन, संजू रामटेके, विकास राजपूत, सिद्धार्थ गुप्ता, हर्ष राजपूत, यश वर्मा, स्वर्णिम राजपूत, भव्येश साहू, पियूष साहू सहित बड़ी संख्या में युवा साथी मौजूद रहे।

# घर से भटकी विक्षिप्त युवती को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

## बसंतपुर पुलिस द्वारा सराहनीय एवं मानवीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने गृह ग्राम से भटककर बाहर रह रही विक्षिप्त युवती को बसंतपुर पुलिस ने सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 मार्च को रात्रि लगभग 10.30 बजे धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी राजीव नगर द्वारा डायल-112 पर सूचना दी गई कि एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती जिला अस्पताल मंडी के पास बैठी हुई है।

### सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन में आई

सूचना प्राप्त होने पर डायल-112 के आरक्षक रविकांत धृतलहरे एवं चालक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर सूचनाकर्ता धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर के सहयोग से उक्त युवती को सुरक्षित थाना बसंतपुर लाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू द्वारा युवती को थाना परिसर में भोजन उपलब्ध कराते उसके संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पूछताछ के दौरान युवती ने अपना नाम व ग्राम अंडी थाना डौंडीलोहारा जिला बालोद निवासी बताया। इसके पश्चात तत्काल कंट्रोल रूम राजनांदगांव के माध्यम से थाना डौंडीलोहारा का संपर्क प्राप्त कर ग्राम अंडी के कोटवार पूनाराम से संपर्क किया गया।

### परिजनों ने पुलिस का आभार माना

पूछताछ में जानकारी मिली कि उक्त युवती ग्राम अंडी की ही रहने वाली है तथा पूर्व में भी कई बार अपने माता-पिता को बिना बताए घर से कहीं चली जाती है। इस संबंध में संपूर्ण जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू द्वारा युवती को पुलिस स्टाफ के माध्यम से रात्रि 1 बजे ही सकुशल उसके गृहग्राम अंडी जिला बालोद पहुंचाकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। अपनी पुत्री को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा पुलिस की इस मानवीय कार्रवाई की सराहना करते पुलिस अधीक्षक के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# चैत्र नवरात्र : रेलवे ने की आवश्यक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- कुछ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव एवं स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी

डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ मेले के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि पर्व 19 से 27 तक मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अस्थायी ठहराव, स्पेशल ट्रेन एवं कुछ गाड़ियों का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उपरोक्त गाड़ियों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में 19 से 27 मार्च तक अस्थायी ठहराव दिया जा रहा है। जिसमें 68742/68741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर को रायपुर तक विस्तारित की जा रही है। 68729/ 68730 रायपुर-डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेजर का गोंदिया तक विस्तार किया जा रहा है। वहीं 06886/06885 डोंगरगढ-दुर्ग-डोंगरगढ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

# महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि और बढ़ती महंगाई के मामले को लेकर आज महिला कांग्रेस द्वारा रसोई गैस की खाली सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

रसोई गैस की किल्लत और दामों में हुई वृद्धि के मामले को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

महिला कांग्रेस द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक से रैली निकली गई और मानव मंदिर चौक पहुंचकर प्रदर्शन किया गया।



### पेट्रोलियम मंत्री से मांगा इस्तीफा

महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान शहर के जयस्तंभ चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर पेट्रोलियम मंत्री का इस्तीफा मांगा गया। इस दौरान शारदा तिवारी, डॉ. रूबीना अल्वी, खैरूननिशा, प्रज्ञा गुप्ता, पूर्णिमा नागदेव, रीना, श्रीकिशन खंडेलवाल, जितेन्द्र मुदलियार, सुदेश देशमुख, संतोष पिल्ले, दिनेश शर्मा, आमीन हुड्डा, अभिमन्यु मिश्रा, सूर्यकांत जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### खाली सिलेंडर रखकर प्रदर्शन

महिला कांग्रेस द्वारा हाथों में सब्जी की टोकरी, गैस का खाली सिलेंडर और बढ़ती महंगाई को लेकर बैनर पोस्टर के माध्यम से विरोध प्रकट किया गया। पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि महिलाएं गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रही है। केंद्र सरकार ने गैस के दामों में वृद्धि कर दी है। महंगाई की मार मध्यमवर्गीय परिवार पर पड़ रही है। उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम आने के बाद भी सरकार खामोश बैठी हुई है।

### एक साल के भीतर दूसरी बार बढ़े दाम

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष माया शर्मा ने कहा कि बीते 11 महीने में दूसरी बार रसोई गैस सिलेंडर का दाम बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आज वापस चूल्हा फूंकने की नौबत आ गई है, क्योंकि गैस सिलेंडर के लिए नंबर लगाने के बाद भी गैस का सिलेंडर लोगों नहीं मिल पा रहा है।

## पदोन्नति नहीं होने पर घेराव की चेतावनी



**खैरागढ़।** जिले में दो सालों से लंबित प्राथमिक प्रधान पाठकों की सूची आखिरकार छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के लगातार प्रयासों के चलते धरातल पर उतर पाया। विभागीय कार्यालय में पहले 20 नवंबर 25, दूसरा 8 दिसंबर 2025 को फेडरेशन के लगातार ज्ञापन बावजूद विभाग वरिष्ठता सूची भी जारी नहीं कर पाया तो शिक्षक हितो को लेकर अग्रणी संगठन छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने 6 फरवरी 26 को पूरे दलबल साथ अंतिम आवेदन अर्थात माह अंत तक पदोन्नति नहीं होने पर कार्यालय का घेराव कर हड़ताल में चले जाने की चेतावनी दी गई जिसके बाद आखिरकार विभाग को पदोन्नति मामले में प्रक्रिया चालू करनी पड़ी। जिलाध्यक्ष रामलाल साहू के नेतृत्व में दुर्गेश सोनी खैरागढ़ और टीकाराम देशमुख छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा आंदोलन की धमकी देने से विभाग सक्रिय हुआ और शनिवार को कन्या शाला सेजेस स्कूल में 44 पदो पर काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी हुई जिसके चलते अब जिले के 44 स्कूलो मे परमानेंट प्रधानपाठक की नियुक्ति हो पाएगी। दशकों बाद पदोन्नति होने से सहायक शिक्षकों में खुशी का माहौल है पद नाम के साथ इब उनके वेतन में भी बढ़ोत्तरी होगी। विभागीय लेट लतीफी के कारण पदोन्नति की उम्मीद नहीं थी। प्रपा रघुनाथ वर्मा और मोहित दास साहू नें कहा कि जिलाध्यक्ष रामलाल साहू के नेतृत्व में छग सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने लगातार आवाज बुलंद की जिसके चलते सालो से पदोन्नति की आस लगाए शिक्षको को प्रपा का नया पदनाम मिला वही जिले मे शैक्षणिक स्तर मे सुधार की आस भी बढ़ गई। फेडरेशन के प्रयासों से पदोन्नति मिल पाई है।

# कल से शुरू होगा 10वीं-12वीं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षाओं के अंतिम दौर के साथ ही अब कॉपी जांचने की प्रक्रिया भी शुरू होने जा रही है। जिले सहित प्रदेशभर में कल 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिले में साढ़े चार सौ शिक्षक यह जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे। पिछले साल मूल्यांकन में देखी गई गड़बड़ी के बाद माशिम ने इस बार अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश भी जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 20 और 21 फरवरी से 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इस वर्ष जिले के कुल 88 परीक्षा केंद्रों में हजारों छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर गठित उड़नदस्ता टीम लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।

इधर अब राजनांदगांव जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। कॉपियों की जांच के लिए जिले के स्टेट हायर सेकंडरी स्कूल को एकमात्र मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां कड़ी सुरक्षा के बीच पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी।




### दो लॉट में आएगी उत्तरपुस्तिकाएं

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मूल्यांकन कार्य के लिए दो लॉट में उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जाएगी। पहले लॉट में शुरूआती तीन पेपर की कॉपियां जिले में भेजी जा चुकी है। इन कॉपियों की जांच के बाद दूसरे लॉट में अंतिम तीन पेपर की कॉपियां जिले के लिए भेजी जाएगी। बताया गया कि जिले में करीबन डेढ़ लाख उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएगी।

### 10 दिनों में जांचने का टारगेट

स्टेट हायर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 450 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके लिए अनुभवी शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है। जिसके चलते मूल्यांकन कार्य समय पर और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके। बताया गया कि पहले लॉट की जांच के लिए दस दिनों की समय अवधि का टारगेट तय किया गया है।

### पहले दिन 5, फिर रोजाना जंचेंगी 40 कॉपियां

बताया गया कि उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलतियों से बचने के लिए रोजाना जांची जाने वाली कॉपियों की संख्या भी तय कर दी गई है। पहले दिन जहां सभी शिक्षक केवल पांच उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। वहीं दूसरे दिन से एक शिक्षक दिनभर में अधिकतम 40 कॉपियों को ही चेक करेगा।



## खबर संक्षेप

### युवा साहू संघ के जिलाध्यक्ष बने कृष्णा साहू



**हरिभूमि कवर्धा।** युवा साहू संघ कबीरधाम के जिला अध्यक्ष के रूप में कृष्णा साहू को दायित्व मिलने पर साहू समाज में खुशी और उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर समाज के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों, तहसील पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों तथा ग्रामीण पदाधिकारियों सहित समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि कृष्णा साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और युवाओं को संगठित करने के साथ-साथ समाजहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें युवा साहू संघ कबीरधाम का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाज के युवाओं को एक मंच पर जोड़ने में मदद मिलेगी। समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि कृष्णा साहू अपने दायित्व का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के विकास के लिए कार्य करेंगे। उनके नेतृत्व में संगठन द्वारा सामाजिक उत्थान, युवाओं को मार्गदर्शन, शिक्षा के प्रति जागरूकता और समाज में भाईचारा बढ़ाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### सौगात : पंडरिया विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी को मिली गति

# विधायक ने 30.74 करोड़ के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निरन्तर प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रहीं हैं, वहीं वर्षो से लंबित सड़क परियोजनाओं के निर्माण के अब द्वार खुलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है साथ ही क्षेत्रवासियों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलने से व्यापर, कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच आसान हो रही है। वहीं शनिवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार की लागत से प्रतापपुर चौक से दामापुर पुल तक कुल 12.70 किलोमीटर सड़क, 7 करोड़ 74 लाख 95 हजार की लागत से 3.65 किमी दमगढ़ से अमनिया सड़क एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1 करोड़ 91 लाख 88 हजार की लागत से पौनी से कोड़ापुरी तक 5.30 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य कुल 30 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपए के सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इन सड़क निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता के आर्शीवाद और विश्वास से आज हम इन बहुप्रतीक्षित कार्यों को धरातल पर उतारने में सफल हो रहे हैं। डबल इंजन की भाजपा सरकार की मजबूत और विकासोन्मुखी सोच और जनता के विश्वास के कारण ही आज पंडरिया विधानसभा सहित पूरे प्रदेश का विकास सुनिश्चित हो रहा है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में भाजपा सरकार के संकल्प के साथ आज विकास की गति तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि विकास की रोशनी केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि वह गांव-गांव और वनांचल तक पहुंचे।

आज जो सड़कें बन रही हैं, वे आने वाले समय में पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण और वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए विकास की जीवनरेखा साबित होंगी। मैं हमेशा यह मानती हूँ कि जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। इन सड़कों के निर्माण से रूसे-कापा, भगतपुर, कोलेगांव, सेमरकोना, निंगापुर, दामापुर, दमगढ़, अमनिया, पौनी, तिलईभाठ, नवापारा, तोरला, कोड़ापुरी सहित आस-पास के सैकड़ों ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, समस्त मंडल अध्यक्ष, जिला व जनपद सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

#### क्षेत्र के विकास, सुविधा और समृद्धि की नई राह



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। आज हम सब मिलकर 30 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर रहे हैं। यह केवल सड़कों का निर्माण नहीं है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र के विकास, सुविधा और समृद्धि की नई राह है। यह सड़कें ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में सड़क आवागमन की सुविधा के साथ ही वहां व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच एवं किसानों को अपनी उपज तथा सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। जिन सड़कों का भूमिपूजन किया जा रहा है, वे लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थीं। कांग्रेस सरकार के कुशासन में विगत 5 वर्षों तक पंडरिया विधानसभा को उपेक्षित और विकास कार्यों से कोसो दुर रखा गया। पंडरिया विधानसभा की जनता ने इस पक्षपात को समझा और प्रदेश एवं पंडरिया में भाजपा का कमल खिलाकर विकास व सुशासन की जो स्थापना की है आज उससे उनकी आकांक्षाएं पूरी हो रही हैं, क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है, जनहित की योजनाओं से जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है और हमारे किसान, महिला, युवा सशक्त हो रहें हैं।



## गौ-सेवा का पुनीत संकल्प पटुवा में गौधाम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पटुवा में बाबा ढोलबज्जा सेवा समिति पटुवा द्वारा गौ सेवा के पवित्र संकल्प के साथ शनिवार को गौ धाम का विधिवत पूजा-पाठ कर शुभारंभ किया गया। धार्मिक विधि-विधान के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और समिति के सदस्य उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ की गई, जहां उपस्थित लोगों ने गौ माता की पूजा कर आशीर्वाद लिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि गौ धाम के माध्यम से क्षेत्र में निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश को संरक्षण दिया जाएगा और उनके भोजन, पानी व देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि समाज के सहयोग से यह गौ धाम आगे चलकर गौ संरक्षण का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। पूजा-अर्चना के बाद सभी श्रद्धालुओं ने गौ-माता को चारा खिलाकर आर्शीवाद प्राप्त किया और गौ-धाम के सफल संचालन की कामना की। इस अवसर पर बाबा ढोलबज्जा सेवा समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा ग्राम पटुवा के अनेक गणमान्य नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। उक्त कार्यक्रम में अश्वनी यदु, सरपंच दिलीप बघेल, टेकराम चंद्राकर, गौ सेवा समिति कवर्धा अध्यक्ष हीरा यादव, शिवा मरकाम, बोहीत दास मानिकपुरी एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### मक्के स्कूल में न्योता भोज व विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में छत्तीसगढ़ शासन की पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और विद्यालय के बीच आपसी संबंध एवं तालमेल को मजबूत करना तथा विद्यार्थियों को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराना है। अवसर पर विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी-सब्जी न्योता भोज कार्यक्रम में परोसा गया। वहीं प्रधान पाठिका एलवीना विलसन ने कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को पेन और पाउच बेग देकर सम्मानित किया गया। इस न्योता भोज व विदाई कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, पालक भोला साहू सहित समिति के सदस्य, रसोइया एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थें साथ ही साथ विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर एक दिवसीय जन-जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के अग्रणी महाविद्यालय आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर एवं आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के महत्व तथा उनके संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन वंदन तथा दीप प्रज्जवलन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ, इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि तथा मुख्य स्त्रोत वक्ता डॉ अमित दूबे, वैज्ञानिक डीसीजी कास्ट रायपुर ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान किए। उन्होने पेटेंट, कापीराइट, ट्रेड मार्क तथा नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। बौद्धिक सम्पदा अधिकार किसी भी शोध, आविष्कार तथा रचनात्मक कार्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होने कापी राईट तथा प्लेगरिजम के बीच उदाहरण सहित प्रकाश डाले। आईपीआर इको सिस्टम उस व्यवस्था को कहा जाता है, जिसमें बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के निर्माण सरंक्षण और उपयोग से जुड़े सभी संस्थान, नीतियॉ और प्रक्रियाएं शामिल होती है। इसमें सरकार, शोध संस्थान, विश्वविद्यालय, उद्योग, स्टार्टअप, पेंटेंट कार्यालय और कानूनी विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यह व्यवस्था रचनाकारों को उनके कार्य का कानूनी सरंक्षण प्रदान करती है।




### हरिनछपरा स्कूल में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई




**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा में कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं का विदाई और न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस विदाई व न्योता भोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जलेश बघेल, सरपंच प्रतिनिधि शत्रुहन बंजारे उपस्थित थें साथ ही विदाई समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। वहीं शाला परिवार की ओर से स्मृति स्वरूप बच्चों को सप्रेम भेंट दी गई। दिनेश अनंत, हरि कुर्रे ने बच्चों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि सभी स्कूली छात्र छात्राएं शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, जज व कलेक्टर बनने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ अच्छे शिक्षा ग्रहण कर गांव, समाज का नाम रौशन हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रधान पाठिका दुर्गा तिवारी, शिक्षक गेंदलाल कुर्रे, तीजूराम धुर्वे, शिक्षक-शिक्षिकाएं मोना यादव एवं छात्र-छात्राओं तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### परीक्षा केंद्र कन्झेटा में कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न


**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का अंतिम प्रश्नपत्र शनिवार को परीक्षा केंद्र कन्झेटा में शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ। केंद्राध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 110 परीक्षार्थियों में से 109 परीक्षार्थी उपस्थित थें जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। वहीं कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 206 परीक्षार्थी शामिल हुए और सभी ने परीक्षा दी, कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार पेटी, प्रकाश एवं हवादार कक्ष तथा बैठने के लिए टेबल-बेंच की समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा केंद्र का निरीक्षण भी किया गया और किसी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया। कक्षा 10वीं की परीक्षा देने के लिए आसपास के स्कूलों कोलेगांव और भगतपुर से भी परीक्षार्थी आए थे। परीक्षा के संचालन के लिए आसपास के विद्यालयों से पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा के सफल संचालन में रामकुमार कौशिक, परमेश मरावी, मोहन शर्मा एवं अर्जुन चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा।



## सीबीएसई इंस्पायर मानक योजना में अभ्युदय स्कूल की ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल कवर्धा के विद्यार्थी अनंत सिंह परिहार एवं मिहिका ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रतिष्ठित इंस्पायर-मानक योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इंस्पायर-मानक योजना का प्रमुख उद्देश्य देशभर के स्कूली विद्यार्थियों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार की क्षमता को पहचानना और उसे उचित मंच प्रदान कर प्रोत्साहित करना है।

इस योजना के माध्यम से बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें समस्या-समाधान आधारित सोच, प्रयोगशीलता और नवीन विचारों के विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी अपने आसपास की समस्याओं को समझकर उनके समाधान से जुड़े नवाचारी विचार और मॉडल प्रस्तुत करते हैं। चयनित विचारों को आगे चलकर जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जहां विद्यार्थी अपने मॉडल प्रस्तुत कर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। इस प्रकार यह योजना विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और समाजोपयोगी नवाचार की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे बच्चे छोटी उम्र से ही समाज की चुनौतियों के समाधान के लिए उपयोगी और प्रभावी विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित होते हैं। गौरतलब है कि इस योजना के अंतर्गत सीबीएसई का परिपत्र अगस्त माह में जारी किया गया था, जिसके बाद विद्यालयों को अपने विद्यार्थियों के नवाचारी विचार नामांकित करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत सितंबर माह में अभ्युदय विद्यालय से अनंत सिंह परिहार कक्षा 11वीं, हसनैन रजा खान कक्षा 11वीं, मिहिका गुप्ता कक्षा 9वीं और आद्या शर्मा कक्षा 8वीं ने अपने नवाचार इस प्रतियोगिता में भेजे थे। सभी छात्रों ने अपने मौलिक और रचनात्मक आइडिया ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए।

यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में संपन्न हुई जो कि विद्यालय के जीव विज्ञान शिक्षिका श्रीमती शालिनी अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। जिस पर प्राचार्य तोरण साहू ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने जिस रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचय दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इंस्पायर-मानक जैसी योजनाएं बच्चों को नई सोच विकसित करने और समाज के लिए उपयोगी नवाचार करने की प्रेरणा देती हैं। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे

### व्याख्याता भूपेंद्र साहू ने एग्जाम बोर्ड और पेन वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी में व्याख्याता भूपेंद्र साहू द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को एग्जाम बोर्ड, पेन एवं चॉकलेट वितरण किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में व्याख्याता रमेश देवांगन, दशरथ निर्मलकर, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बम्हनी अरविंद कुंजाम, चंद्रहास गुप्ता उपस्थित थें, जिनका मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग रहा। एग्जाम बोर्ड और पेन प्राप्त कर विद्यार्थियों में भारी हर्ष व्याप्त है।

#### दुर्ग संभाग के अधीक्षण अभियंता ने किया कबीरधाम में सड़क निर्माण कार्यों का सघन निरीक्षण

## गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय-सीमा में काम पूरा हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



दुर्ग संभाग के अधीक्षण अभियंता बलवंत पटेल ने 11 एवं 12 मार्च को कबीरधाम जिले का दो दिवसीय विस्तृत दौरा कर जिले में संचालित सड़क निर्माण कार्यो का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, लोहारा, बोड़ला एवं पंडरिया में विभिन्न सड़क योजनाओं के तहत चल रहे कार्यो की जमीनी स्तर पर प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान श्री पटेल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (एमएमजीएसवाई), मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत प्रगतिरत सड़कों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों बोड़ला एवं पंडरिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों कवर्धा और लोहारा में बन रही सड़कों की भौतिक प्रगति और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।दौरे के पश्चात अधीक्षण अभियंता श्री पटेल ने संबंधित ठेकेदारों एवं विभागीय अभियंताओं की संयुक्त समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और डामरीकरण के मानकों में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पिछड़ी जनजातीय बस्तियों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कवर्धा, लोहारा, बोड़ला और पंडरिया विकासखंडों में चल रहे सभी अधूरे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके। अधीक्षण अभियंता ने ठेकेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता की अनदेखी और लापरवाही पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।




## खबर संक्षेप



### क्षतिग्रस्त विद्युत पोल दे रहा दुर्घटना को न्यौता

**बिजई।** विकासखण्ड कवर्धा से 12 किलो मीटर दूरी पर ग्राम पंचायत बिजई सब स्टेशन बिजई से सोनबरसा जाने वाली 11 केव्ही विद्युत पोल को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन की ठोस पोल न सिर्फ बीच से टूट गया है बल्कि एक तरफ झुक भी गया है। हैरानी की बात है इसके बावजूद विभाग द्वारा इस क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को बदला नहीं जा रहा है जो कभी भी धराशाही होकर लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो सकता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहनो का आना जाना लगा रहता है इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा स्कूली विद्यार्थी भी इस मार्ग का उपयोग करते हैं ऐसे में विभाग की इस तरह की लापरवाही कोई बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है। ग्रामीणों ने करीब दो हप्तों से भी अधित समय से क्षतिग्रस्त खड़े इस विद्युत पोल को तत्काल हटाकर नया पोल लगाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस बात पर असंतोष जाहिर किया कि विद्युत विभाग इस तरह की शिकवा शिकायतों पर जरा भी गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ऐसे में शासन-प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 1 तक

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अग्निवीर की भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए भारतीय थलसेना के वेबसाईट या सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष या जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

**बैठक :** पेट्रोल पंप संचालकों की कलेक्टर ने ली बैठक, सभी पेट्रोल पंपों में एक सप्ताह का स्टॉक अनिवार्य

# जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बनाए रखने प्रशासन का मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विश्व के पेट्रोलियम उत्पादक देशों के बीच चल रहे युद्ध के बीच भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों ने छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले में भी शासन-प्रशासन के कान खड़े कर दिए है। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित न हो ताकि उपभोक्ताओं को समय पर ईंधन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों में आगामी एक सप्ताह का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें। न्यूनतम रिजर्व स्टॉक की स्थिति हर समय बनाए रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पेट्रोल पंप में ड्राई स्थिति उत्पन्न नहीं होने देना है। इसके लिए पंप संचालकों को अग्रिम इंडेंट की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सभी पंप संचालकों द्वारा कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही प्रत्येक कार्य दिवस में पेट्रोल और डीजल की खरीदी-बिक्री से संबंधित दैनिक जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए।

### प्रदेश में एक माह का पर्याप्त पेट्रोल-डीजल स्टॉक



छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में भारत पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के तीनों डिपो में आगामी एक माह तक का पर्याप्त पेट्रोल और डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त भंडारण उपलब्ध होने के कारण प्रदेश के सभी जिलों में स्थित पेट्रोल पंपों को नियमित रूप से आपूर्ति जारी रहेगी और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

प्रदेश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और व्यवस्था की निगरानी तथा संबंधित विभागों और संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से खाद्य विभाग द्वारा राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला कबीरधाम में भी कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 21, खाद्य शाखा में बनाया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 07741-232048 है। इस नंबर पर एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल से संबंधित किसी भी समस्या के निराकरण के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0771-2511975 है।

### रसोई गैस की नहीं हो रही ऑन लाईन बुकिंग, उपभोक्ता परेशान

जिले के पेट्रोल पंपों में फिलहाल डीजल-पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं देखने को मिल रही है और सभी पेट्रोल पंपों में लोगों को सुचारू रूप से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध हो रहा है लेकिन जहां तक रसोई गैस की बात की जाए तो इण्डियन रसोई गैस की ऑन लाईन बुकिंग बंद होने के कारण उपभोक्ताओं की बेचैनी बढ़ रही है और वे बुकिंग कार्यालय में भीड़ की सक्ल में उमड़ रहे हैं। संचालक इसे तकनीकी परेशानी बता रहे हैं।

# 60 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, कातिल पर इनाम घोषित

### लालपुर सत्यमदास हत्याकाण्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

करीब दो माह पूर्व कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लालपुर नर्सरी के पास अज्ञात लोगों द्वारा की गई डांस टीचर की हत्या का मामला पुलिस अब तक नहीं सुलझा पाई है। तमाम आधुनिक संसाधानो से लैस जिला पुलिस प्रशासन द्वारा हत्या के दो माह बाद भी न तो मामले से संबंधित पर्याप्त साक्ष्य जुटाए जा सके हैं और न ही आरोपी के संबंध में कोई ठोस जानकारी ही उसके पास है। ऐसे में लोगों द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि थकहार कर अब पुलिस प्रशासन को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा करनी पड़ी है। दरअसल यह मामला 18 जनवरी 2026 को सामने आया था, जब लालपुर नर्सरी के पास सड़क किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव बरामद किया गया था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। प्रारंभिक जांच में मृतक के गले और पेट पर चाकू से किए गए कई गहरे वार के निशान मिले थे, जिससे युवक की बेरहमी से हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। जांच के दौरान मृतक की पहचान सत्यमदास मानिकपुरी, उम्र 27 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 26 घोठिया रोड कवर्धा के रूप में की गई थी। मृतक पेशे से डांस टीचर बताया गया है और घटना से पहले शनिवार रात से लापता था। मामले में थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 30/26 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। लेकिन घटना के इतने दिन बाद भी आरोपियों का कोई ठोस सुराग नहीं मिलने से पुलिस पर सवाल भी उठ रहे हैं। इसी को देखते हुए अब पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने उद्घोषणा जारी करते हुए आरोपी की जानकारी देने या गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस का कहना है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



# नेशनल लोक अदालत में 11 करोड़ से अधिक राशि के 32 हजार 763 वाद निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती माँ के छाया चित्र पर पूजा अर्चना करते हुए दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त लोक अदालत में जिले में कुल 12 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 11 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम में तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय, पण्डरिया में गठित की गई थी। जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिग्रेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जलकर से संबंधित प्रकरण रखे गए थे। उल्लेखनीय है कि,



नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ क्रमांक 01 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में कुल 47 लाख 40000 रूपये की अवार्ड राशि पारित किया गया तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा एक प्रकरण की सुनवायी पक्षकारों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पक्षकार को वर्चुअल माध्यम से सुनवायी कर निराकृत किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 02 परिवार न्यायालय कबीरधाम में पीठासीन अधिकारी लीलाधर सारथी, द्वारा परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण में कुल 31 प्रकरणों का निराकरण करते हुए वैवाहिक संबंधो में मधुरता स्थापित करते हुए सुखद दाम्पत्य का पुर्नस्थापन किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 03 पीठासीन अधिकारी श्रीमती योगिता विनय वासनिक द्वारा विद्युत प्रकरण में कुल 5 लाख 7189 रूपये राशि की वसूली करते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी अनुक्रम में राजस्व न्यायालय में कुल 26 हजार 252 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए लाभान्वित हितग्राहियों को कुल 10 करोड़ 18 लाख 44 हजार 934 रूपये का निराकरण किया गया। इस प्रकार जिला कबीरधाम अंतर्गत परिवार न्यायालय, कबीरधाम में उक्त लोक अदालत में वैवाहिक प्रकरणों में 31 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 6 लाख 35000 रूपये का निराकरण, जिला न्यायालय कबीरधाम द्वारा सिविल मामले में कुल 17 लाख 52000 रूपये, नगर पालिका कबीरधाम द्वारा जलकर तथा दुकान किराया से संबंधित मामलो में 257 प्रकरण में 2 लाख 23 हजार 950 रूपये की वसूली की गई। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 32 हजार 763 लंबित प्रकरण का निराकरण करते हुए 11 करोड़ 21 लाख 14 हजार 828 रूपये से संबंधित वाद का निराकरण किया गया।

### भोरमदेव महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**कवर्धा।** भोरमदेव महोत्सव 2026 के आयोजन की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों और सामाजिक जनों से आयोजन की रूपरेखा तथा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए सुझाव लिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पुलिस प्राधिकरण समिति के सदस्य भगत पटेल, बोड़ला जनपद पंचायत अध्यक्ष बालका राम किंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, नरेंद्र मानिकपुरी सहित जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं सामाजिक जन उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया गया कि इस वर्ष भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्य प्रगतिरत होने के कारण पारंपरिक स्थल के स्थान पर 17 मार्च को ग्राम छपरी में भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए इसकी परंपरा को निरंतर बनाए रखते हुए इस वर्ष भी गरिमामय तरीके से आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच, दर्शक दीर्घा, प्रवेश द्वार, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए स्थल का चयन कर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि महोत्सव में अधिक से अधिक स्थानीय कलाकारों की सहभागिता का प्रयास है। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन, यातायात व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और आमजन की सुविधा से जुड़े विभिन्न सुझाव दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्राप्त सुझावों को समाहित करते हुए आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम बोड़ला सागर सिंह राज, उप संचालक पंचायत राज तिवारी, तहसीलदार बोड़ला हुलेश्वर पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# गर्मी एवं हीटवेव से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी, सावधानी बरतने की सलाह

- जिले में लगातार बढ़ रही है तपिस, तेज धूप घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो गया है। संभावित लू (हीटवेव) एवं अत्यधिक तापमान को ध्यान में रखते हुए जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा जिलेवासियों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है।

नागरिकों से अपील की गई है कि गर्मी के पहले तथा गर्मी के दौरान आवश्यक सावधानियां अपनाकर स्वयं, परिवार, बच्चों, बुजुर्गों एवं पशुओं को सुरक्षित रखें। जारी एडवाइजरी के अनुसार जहां तक संभव हो तेज धूप में बाहर जाने से बचें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर के अंदर या छायादार स्थान पर रहें। प्यास न लगने पर भी समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा यात्रा के दौरान अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें।

हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय छाता, टोपी, चश्मा, जूते-चप्पल का उपयोग करें और सिर को कपड़े या तौलिये से ढककर रखें। अत्यधिक गर्मी के समय अधिक ऊर्जा एवं शक्ति लगाने वाले कार्यों से बचें। यदि बाहर कार्य करना आवश्यक हो तो बीच-बीच में विश्राम करें तथा गीले कपड़े या छाते का उपयोग करें। हल्का एवं सुपाच्य भोजन करें तथा पानी की मात्रा से भरपूर फल जैसे तरबूज, खरबूजा, ककड़ी आदि का सेवन करें। बासी भोजन, अधिक मसालेदार भोजन तथा अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। घर में बने पेय पदार्थ जैसे नींबू पानी, छाछ, लस्सी, जूस आदि का उपयोग करें तथा शराब, चाय, कॉफी एवं कार्बोनेटेड पेय पदार्थों का सेवन कम करें। बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। पशुओं को छायादार स्थान पर रखें तथा उन्हें पीने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएं। घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें, रात के समय खिड़कियां खोलकर वेंटिलेशन बनाए रखें तथा स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें। बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों एवं अधिक वजन वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि ये लोग हीटवेव से अधिक प्रभावित हो सकते हैं।

# जिले के 1.13 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 22.91 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम की राजधानी गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की। इस दौरान देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के 1 लाख 13 हजार 961 किसानों के खातों में कुल 22.91 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेब कास्टिंग के माध्यम से किसानों को दिखाया गया। जिले के कई किसान इस कार्यक्रम से जुड़कर योजना की जानकारी प्राप्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कबीरधाम के कृषि स्थायी समिति के सभापति रामकुमार भट्ट उपस्थित रहे। सभापति रामकुमार भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण और लाभकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता राशि तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाती है। इससे किसानों को खेती से जुड़े विभिन्न कार्यों जैसे बीज, खाद, कीटनाशक तथा अन्य कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति करने में आर्थिक सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है।

### पीएम किसान सम्मान निधि ...



**कवर्धा।** पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी, कवर्धा में कार्यक्रम का आयोजन।

# नामांकन बढ़ाने हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकों ने संभाली कमान, नवमीं में प्रवेश का न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान वहां के विद्यार्थियों की संख्या और शैक्षणिक वातावरण से होती है। इसी ध्येय को आत्मसात करते हुए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकों टीम ने आगामी शिक्षा सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मगरदा, छिरहा, बिरुटोला और घोठिया का दौरा किया। इस दौरान टीम ने कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें हाई स्कूल छिरहा की विशिष्टताओं से अवगत कराया। डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि विद्यालय में न केवल उच्च स्तरीय भौतिक संसाधन और खेल का मैदान उपलब्ध है, बल्कि प्रायोगिक कक्ष, न्यूज कार्नर, ओपन लाइब्रेरी, नियमित कक्षाओं का संचालन और कैरियर मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं भी सुलभ हैं। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि विद्यालय का वातावरण पूर्णतः अनुशासित व सुरक्षित है, जहां बस्ते के बोझ से मुक्ति और समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने को प्राथमिकता दिया जाता है। विद्यालय की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि नामांकन वृद्धि केवल एक मौसमी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि सत्र भर चलने वाला एक सतत प्रयास है। इसके अंतर्गत पालकों के साथ निरंतर साझेदारी, मेंटरशिप प्रोग्राम और रोचक शिक्षण शैलियों का प्रयोग किया जाता है। विद्यालय प्रशासन अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से तत्काल संपर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण करता है। इसके साथ ही गणित मेला, विषय आधारित क्लब और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। विद्यालय की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर साझा करने और विद्यार्थियों को पियर ग्रुप सपोर्ट जैसी रणनीतियों पर कार्य किया जाता है। इसके साथ ही विद्यालय के कार्यक्रम निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए उद्देश्य निर्धारण, फोटोग्राफिक रिकार्डिंग, स्वमूल्यांकन को प्रोत्साहन, सहकर्मी अवलोकन जैसे कार्य किए जाते हैं। संस्था ने आगामी 16 जून से शुरू होने वाले नए सत्र में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को आमंत्रित किया है, ताकि वे विद्यालय की सुविधाओं का लाभ उठा सकें। विद्यालय प्रबंधन की इस सक्रियता का क्षेत्र में काफी सराहना हो रहा है, जिससे उम्मीद है कि इस वर्ष नामांकन के आंकड़ों में वृद्धि दर्ज होगा। इस कार्य मे प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी व वीणाक्षी नामदेव की टीम सत्रभर सक्रीय भागीदारी देते हैं।

**सवर्ण महापंचायत ने दिया नारा ठाकुर, ब्राह्मण, लाला, बनिया मिलकर बदलो अपनी दुनिया**

# सवर्ण महापंचायत, यूजीसी रेगुलेशन ईडब्ल्यूएस पर आज सौंपेगा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में सवर्ण समाज की एकजुटता और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को लेकर 15 मार्च 2026 को सवर्ण एकता मंच के बैनर तले सवर्ण समाज की महापंचायत आयोजित की जाएगी। इस महापंचायत को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हाल ही में सवर्ण एकता मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें विभिन्न सवर्ण समाजों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि सवर्ण एकता मंच के अंतर्गत जिले के कुल 13 सवर्ण समाज जुड़े हुए हैं, जो सामाजिक एकता और विद्यार्थियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर मिलकर कार्य कर रहे हैं। बैठक में उपस्थित संगठनों ने प्रस्तावित यूजीसी रेगुलेशन 2026 को लेकर चिंता व्यक्त की। संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि यह नियम सवर्ण समाज के विद्यार्थियों के भविष्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इस कारण इसे काला कानून बताते हुए इसे वापस लेने की मांग उठाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महापंचायत के माध्यम से इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। साथ ही प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपकर यूजीसी रेगुलेशन 2026 को वापस लेने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की जाएगी। सवर्ण एकता मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि महापंचायत का उद्देश्य केवल मांगों को उठाना ही नहीं बल्कि सवर्ण समाज के विभिन्न वर्गों के बीच एकता और समन्वय को मजबूत करना भी है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। महापंचायत का मुख्य नारा ठाकुर, ब्राह्मण, लाला, बनिया मिलकर बदलो अपनी दुनिया रखा गया है। आयोजकों का कहना है कि यह नारा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच एकजुटता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। बैठक के दौरान महापंचायत को सफल बनाने के लिए अलग-अलग समाजों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने समाज के सदस्यों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में सवर्ण समाज के कई पदाधिकारी, समाज प्रमुख, सवर्ण एकता मंच के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज की एकता बनाए रखते हुए विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।